Purvanchal Expressway Toll Tax: पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर अब देना होगा टोल, यात्रा करने वालों को ढीली करनी पड़ेगी जेब

Purvanchal Expressway Toll Tax: पूर्वांचल एक्सप्रेस पर दो रूपये पैंतालीस पैसे प्रति किलोमीटर की दर से टोल टैक्स वसूला जाएगा।

Purvanchal Expressway Toll Tax: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का ड्रीम प्रोजेक्ट माने जाने वाले पूर्वी यूपी की नई लाइफलाइन पूर्वांचल एक्सप्रेस पर अब यात्रा करने वालों को जेब ढीली करनी पड़ेगी। 340 किलोमीटर लंबे इस एक्सप्रेस वे पर 1 मई से टोल टैक्स लगना शुरू हो जाएगा। दरअसल बीते दिनों सीएम योगी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में टोल टैक्स संबंधी प्रस्ताव पर मुहर लगा दी गई थी। लखनऊ को गाजीपुर से जोड़ने वाले पूर्वांचल एक्सप्रेस फिलहाल छह लेन का है, जिसे भविष्य में बढ़ाकर आठ लेन किया जा सकता है।

इतना लगेगा टोल

पूर्वांचल एक्सप्रेस पर दो रूपये पैंतालीस पैसे प्रति किलोमीटर की दर से टोल टैक्स वसूला जाएगा। इस रेट के हिसाब से लखनऊ से गाजीपुर जाने में एक वाहन चालक को 833 रूपये का भूगतान करना होगा। सुल्तानपुर से लखनऊ जाने के लिए 296 रूपये का भूगतान करना होगा। रायबरेली से लखनऊ जाने के लिए 198 रूपये का भूगतान करना होगा।

आजमगढ़ से लखनऊ जाने के लिए 573 रूपये का भूगतान करना होगा। वहीं मऊ से लखनऊ जाने के लिए 720 रूपये का भूगतान करना पड़ेगा। वहीं जौनपुर से लखनऊ जाने के लिए 445 रूपये का भूगतान करना होगा। वहीं बाराबंकी से लखनऊ जाने के लिए 88 रूपये का भूगतान करना होगा।

पूर्वांचल एक्सप्रेस में क्या है खास

उत्तर प्रदेश में नवनिर्मित पूर्वांचल एक्सप्रेस वे को ऐसी ही सीएम योगी का ड्रीम प्रोजेक्ट नहीं कहा जाता है। ये एक्सप्रेस वे कई मायनों में खास है। 340 किलोमीटर इस एक्सप्रेस वे को आठ पैकेज में विकसित किया गया है। इस एक्सप्रेस वे में 22 फ्लाईओवर, 7 रेलवे ओवरब्रिज, 7 बड़े पुल और 114 छोटे पुल बनाए गए हैं।

इसके अतिरिक्त एक्सप्रेस वे पर 45 वाहन अंडरपास, 139 छोट वाहन अंडरपास, 87 पैदल अंडरपास और 525 बॉक्स कल्वर्ट का निर्माण किया गया है। इस एक्सप्रेस वे पर फाइटर जेट उतारने की सुविधा भी बनाई गई है।

पीएम मोदी ने किया था उद्घाटन

उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव से ठीक पहले 16 नवंबर 2021 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूर्वांचल एक्सप्रेस वे का उद्घाटन किया था। करीब 11,216 करोड़ रूपये की लागत से बने इस एक्सप्रेस वे को अभी तक चुनाव के कारण टोल फ्री रखा गया था । लेकिन अब आम लोगों को इसपर सफर करने के लिए टोल टैक्स भरना होगा।

ICICI Bank